53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र    पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79)    डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24    Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 12.2°c    अधिकतम 27.3 °c

**अमृतवाणी**

मंजिल उन्हें नहीं मिलती
जिनके ख्वाब बड़े होते हैं,
बल्कि उन्हें मिलती है, जो
जिद पर अड़े रहते हैं।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606    संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा    रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

भगवा कपड़े पहनने से कोई योगी हो जाता है क्या ? सीता मां का अपहरण जब हुआ था, तो रावण साधु के भेष में आया था : अखिलेश यादव



सूर्योदय - 6:48, सूर्यास्त - 6:16    वर्ष : 53/ अंक : 56    बुधवार, 26 फरवरी 2025    फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी    सम्वत् 2081    मूल्य 3 रुपये    कुल पृष्ठ-4

एक चेहरे पे हैं कई चेहरे... आदमी क्या है?.. एक सियासत है........













53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 53/ अंक : 56 | बुधवार, 26 फरवरी 2025 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-2

## सज्जन कुमार को आजीवन कारावास



**नयी दिल्ली, 25 फरवरी (वार्ता)** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने 1984 में सिख विरोधी दंगों के दौरान सरस्वती विहार इलाके में दो व्यक्तियों की हत्या से संबंधित एक मामले में पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनायी। एमपी/एमएलए मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष के वकील की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश सुनाया। अदालत ने 12 फरवरी को सज्जन कुमार को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दंडनीय अपराधों के लिए दोषी ठहराया था। सजा की अवधि पर दलीलें सुनने के बाद अदालत ने फैसला सुनाने के लिए मामले को 25 फरवरी के लिए सूचीबद्ध कर दिया था। वर्तमान मामला तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके दो सिख अंगरक्षकों द्वारा हत्या के बाद दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में हुए व्यापक सिख विरोधी दंगों के कई उदाहरणों में से एक से संबंधित है। दंगों में, देश के विभिन्न हिस्सों में हजारों सिखों की निर्दयतापूर्वक हत्या कर दी गई, उनके घरों और दुकानों को जला दिया गया और उनके सामान लूट लिये गये। इसी दौरान दिल्ली के राज नगर निवासी एस. जसवंत सिंह और उनके बेटे एस. तरुणदीप सिंह की हजारों लोगों की एक अनियंत्रित भीड़ ने हत्या कर दी थी। अभियोजन पक्ष का कहना है कि आरोपी सज्जन कुमार भीड़ का नेतृत्व कर रहे थे और उनके उकसावे पर ही भीड़ ने जसवंत सिंह और तरुणदीप सिंह को जिंदा जला दिया, उनके घरेलू सामान और अन्य संपत्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया और लूट लिया, उनके घर को आग के हवाले कर दिया तथा घर में रहने वाले उनके परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों को भी गंभीर चोटें पहुंचायीं।

# छात्राओं को गलत प्रश्न पत्र देने के प्रकरण में परीक्षा केन्द्र से दोषी शिक्षकों को हटाया

### बोर्ड परीक्षाओं में ड्यूटी से डिबार करने के लिए डीआईओएस ने की संस्तुति, कक्ष निरीक्षक दो अध्यापिकाओं के खिलाफ भी होगी कार्यवाही





**खतौली, 25 फरवरी (बु.)।** गत दिवस बोर्ड परीक्षा के लिए बनाये गये एक परीक्षा केन्द्र के एक कक्ष में सामान्य हिन्दी विषय का प्रश्न पत्र हल करने के लिए दिये जाने के प्रकरण में जिला विद्यालय निरीक्षक ने सम्बंधित केन्द्र व्यवस्थापक व सह केन्द्र व्यवस्थापक को तत्काल प्रभाव से हटाते हुए बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी से भी डिबार करने की संस्तुति करते हुए बोर्ड को पत्र भेजा गया है।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को यूपी बोर्ड परीक्षाओं के प्रथम दिन नगर के कबूल कन्या इण्टर कॉलेज परीक्षा केन्द्र के कक्ष संख्या दस में इण्टरमीडिएट की सात छात्राओं को सामान्य हिन्दी विषय के बदले साहित्य हिन्दी का प्रश्न पत्र वितरित कर दिया गया था। प्रश्न पत्र को हल करने के दौरान उक्त छात्राओं को अहसास हुआ कि प्रश्न पत्र में आये प्रश्न उनके सिलेबस से अलग है। बताया जाता है कि जब उक्त छात्राओं द्वारा कक्ष निरीक्षक अध्यापकों से शिकायत की गई तो आरोप है कि शिक्षिका द्वारा कोई सुनवाई न करते हुए छात्राओं को पश्न हल करने की नसीहत देते हुए उनकी शिकायत को नजर अंदाज किया गया। परीक्षा सम्पन्न होने के पश्चात गलत प्रश्न पत्र मिलने वाली छात्राओं द्वारा परीक्षा केन्द्र पर हंगामा कर दिया गया। परन्तु कोई सुनवाई न होने से निराश पीड़ित छात्राएं घर लौट गयी थी। उक्त प्रकरण को लेकर मंगलवार को सुबह पीड़ित छात्राओं के परिजन परीक्षा केन्द्र पहुंच गये। साथ ही भाकियू नेता भी परीक्षा केन्द्र पर जमा हो गये, जहां लोगों द्वारा कार्यवाही की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। बताया जाता है कि इस दौरान कुछ लोगों द्वारा यातायात जाम करने का भी प्रयास किया गया। सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी ब्रजेश शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे जहां उन्होंने किसी प्रकार मामे को शांत किया गया। बताया जाता है कि परीक्षा केन्द्र पर गलत प्रश्न प्राप्त करने वाली छात्राएं नगर के बुढ़ाना रोड स्थित शिशु शिक्षा निकेतन इण्टर कॉलेज की छात्राएं हैं। दूसरी ओर गत दिवस कबूल कन्या इण्टर कॉलेज बोर्ड परीक्षा केन्द्र पर सामान्य हिन्दी की सात परीक्षार्थियों को केन्द्र कक्ष निरीक्षकों द्वारा गलती से साहित्य हिन्दी का प्रश्न पत्र दिये जाने के प्रकरण में जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार श्रीवास द्वारा परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक डॉ. विभू चौधरी व सह केन्द्र व्यवस्थापक श्रीमति रजनीश को दोषी मानते हुए दोनों को तत्काल रूप से हटाते हुए उन्हें बोर्ड परीक्षाओं से डिबार करने की सिफारिश कर दी है। इसके साथ-साथ परीक्षा केन्द्र पर कक्ष निरीक्षक के रूप में ड्यूटी देने वाली सहायक अध्यापिका एकता व सहायक अध्यापिका अनीता राठी पर भी कार्यवाही करने के लिए बीएसए को पत्र भेजते हुए इस प्रकरण से पीड़ित सभी सात छात्राओं को न्याय दिये जाने का पत्र बोर्ड को भेजा गया है। दूसरी ओर परीक्षा केन्द्र पर बरती गई लापरवाही से पीड़ित छात्राओं को न्याय दिलाने की मांग के साथ कुछ समाजसेवी लोगों के द्वारा शिकायत शासन स्तर पर भी प्रेषित की गयी है।

## परीक्षा केंद्र पर हिजाब को लेकर हंगामा, हिजाब न हटाने पर अड़ी छात्राएं



**मुरादाबाद, 25 फरवरी (एजेंसी)।** यूपी के मुरादाबाद स्थित जौनपुर के बाद अब मुरादाबाद में भी यूपी बोर्ड की परीक्षा में हिजाब को लेकर विवाद सामने आया हैं। भोजपुर क्षेत्र के एक परीक्षा केंद्र पर हाईस्कूल की पहली पाली में परीक्षा देने पहुंची चार छात्राओं ने हिजाब हटाने से इनकार कर दिया। इसे लेकर गेट पर काफी देर हंगामा रहा। कुछ देर बाद छात्राओं को प्रवेश दे दिया गया। परीक्षा केंद्र से बाहर आने के बाद छात्राओं ने फिर कहा कि उन्होंने हिजाब नहीं हटाया। आगे भी हिजाब नहीं हटाएंगी चाहे परीक्षा छोड़नी पढ़ पाए। हालांकि शिक्षा विभाग के अधिकारियों का दावा है कि महिला टीचर से पहचान करवाने के बाद परीक्षा देने की अनुमति दी गई है। भोजपुर क्षेत्र के मनकुआ मनसूदपुर स्थित चौधरी कन्या इंटर कॉलेज के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं का परीक्षा केंद्र इस्लाम नगर स्थित वाईपी सिंह इंटर कॉलेज को बनाया गया है। सोमवार को प्रथम पाली में हाई स्कूल हिंदी विषय की परीक्षा थी। जिसमें चौधरी कन्या इंटर कॉलेज की छात्राएं परीक्षा देने पहुंचीं। इनमें चार छात्राएं हिजाब पहनकर आई थीं। उन्हें गेट पर ही रोक लिया गया और हिजाब हटाने के लिए कहा गया, लेकिन छात्राओं ने हिसाब हटाने से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि वह परीक्षा छोड़ने को तैयार हैं, लेकिन हिजाब नहीं हटाएंगी। इसके बाद छात्राएं वापस जाने लगीं। इसी दौरान परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक ने उन्हें वापस बुला लिया और महिला टीचर के साथ उन्हें कमरे में भेजकर पहचान कराई। इसके बाद उन्हें परीक्षा कक्ष में भेज दिया गया और परीक्षा दी। परीक्षा देने के बाद छात्राएं वापस आई तो कुछ लोगों ने उनका वीडियो बनाना शुरू कर दिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें छात्राएं बोल रही हैं कि उन्होंने हिजाब नहीं हटाया है। आगे भी हिजबा नहीं हटाएंगी। वह परीक्षा छोड़ने को तैयार हैं। इस मामले की जानकारी मिलने खुफिया तंत्र भी अलर्ट हो गया जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में स्तन कैंसर की दर दुनिया में सबसे अधिक

**सिडनी, 25 फरवरी (वार्ता)** ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में स्तन कैंसर की दर दुनिया में सबसे अधिक है। साइंस मीडिया एक्सचेंज (सिमेक्स) ऑनलाइन समाचार पोर्टल ने मंगलवार को बताया कि ऑस्ट्रेलिया और कनाडा के शोधकर्ताओं ने 185 देशों में स्तन कैंसर की घटनाओं और मृत्यु दर का विश्लेषण किया। उन्होंने पाया कि दुनिया में 20 में से एक महिला को स्तन कैंसर होगा और 70 में से एक महिला इस बीमारी से मर जाएगी। हालांकि, अध्ययन में पाया गया कि स्तन कैंसर का जोखिम पूरी दुनिया में समान रूप से वितरित नहीं है। शोध पत्र में कहा गया है, ''ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में घटना दर सबसे अधिक थी, उसके बाद उत्तरी अमेरिका और उत्तरी यूरोप और दक्षिण-मध्य एशिया में सबसे कम थी।''

## जिला अस्पताल में कुत्तों की पिटाई पर जिलाधिकारी सख्त, जांच के आदेश

**मुजफ्फरनगर, 25 फरवरी (बु.)।** अस्पताल में बेजुबान श्वानों पर सरियों से हमला करने के मामले में बनाई जांच समिति। ग्यारह दिन पहले जिला चिकित्सालय में जिला चिकित्सालय के ही एक कर्मी के इशारे पर एम्बूलेंस चालकों ने बेजुबान श्वानों पर सरियों आदि से वार कर उन्हें गंभीर घायल कर दिया था। किसी श्वान की मुंह की हड्डी तो किसी की कमर की हड्डी तोड़े जाने के बाद उन्हें अस्पताल की ही इंसानों की एम्बूलेंस में भरकर पुरकाजी छुड़वाने का मामला भी सामने आया था। इस मामले में पशुओं की सेवा करने वाले तुरन्त अस्पताल पहुंचे थे और खुलकर मीडिया के सामने उन लोगों के नाम उजागर किये थे, जिन्होंने बेजुबानों पर बेरहमी से वार किये। इस मामले में अरविन्द शर्मा पुत्र जयप्रकाश शर्मा निवासी भरतिया कालोनी द्वारा सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया से मिलकर कुत्तों के साथ क्रूरता किये जाने की शिकायत करते हुए नाराजगी व्यक्त की। अरविन्द शर्मा ने मामले में जांच कराकर दोषियों पर कार्यवाही किए जाने की मांग की थी। उनके द्वारा शहर कोतवाली में भी तहरीर देते हुए अस्पताल के दो कर्मचारी और एक फार्मासिस्ट के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराने के साथ ही कार्यवाही करने की मांग की थी, लेकिन प्रकरण में कोई कार्यवाही नहीं होने पर उनके द्वारा मेनका गांधी की एनजीओ को शिकायत की गई, जहां से मामले में डीएम उमेश मिश्रा को मिली उक्त शिकायत के आधार पर कड़े कदम उठाते हुए सीएमएस डॉ. संजय वर्मा से जांच रिपोर्ट तलब की है। सीएमएस डॉ. संजय वर्मा ने बताया कि जिला चिकित्सालय पुरुष एवं महिला चिकित्सालय परिसर में विगत दिनों कुत्तों को मारने-पीटने की घटना प्रकाश में आने पर डीएम द्वारा दिए गए निर्देश पर जांच हेतु तीन सदस्यीय समिति गठित कर दी गई। इसमें सीएमएस डॉ. संजय वर्मा अध्यक्ष के साथ सीएमएस जिला महिला चिकित्सालय द्वारा नामित किए चिकित्साधिकारी और सीएमओ द्वारा नामित एसीएमओ स्तरीय अधिकारी बतौर सदस्य के रूप में शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि कुत्तों को मारने-पीटने के संबंध में जो व्यक्ति या कर्मचारी कोई साक्ष्य या ब्यान प्रस्तुत करना चाहे तो वह समिति के सम्मुख 3 दिन में प्रस्तुत कर सकता है। इस विषय में जांच कर अपनी आख्या 05 दिन के अन्दर समिति प्रस्तुत करेगी।

> ▸ सीएमएस के नेतृत्व में गठित की तीन सदस्यीय जांच समिति
> हिदायत : पांच दिन में देनी होगी डीएम को जांच रिपोर्ट

## एक साथ उठे तीन जनाजे, गांव की हर आंख रोई



**रामराज, 25 फरवरी (बु.)।** गांव पुट्ठी इब्राहिमपुर निवासी दो बाइकों पर सवार तीन युवकों की मवाना थाना क्षेत्र में अज्ञात कार की टक्कर से मौत हो गई थी, जबकि मृतकों का एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया था। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद गांव में एक साथ तीन जनाजे उठने से गांव की हर आँख रोई व कई घरों में चूल्हे तक नहीं जले हैं। रामराज थाना क्षेत्र के गांव पुट्ठी इब्राहिमपुर निवासी नदीम पुत्र तस्लीम, शेरू पुत्र नसरू, सलमान पुत्र अमीरू व समीर पुत्र शाहिद मेरठ स्थित एक आलू के कोल्ड स्टोरेज में मजदूरी का कार्य करते हैं। सोमवार की देर रात चारों युवक दो बाइकों पर सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे। बाइक सवार जैसे ही मवाना क्षेत्र के गांव कोहला के निकट पहुंचे, तो अज्ञात कार चालक ने दोनों बाईकों में टक्कर मार दी, जिस कारण नदीम, शेरू व सलमान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि समीर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों युवकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और गंभीर रूप से घायल समीर को मेरठ अस्पताल में भर्ती कराया। मंगलवार देर शाम पोस्टमार्टम के बाद तीनों शव गांव में पहुंचे, तो गांव में गम का माहौल बन गया। गांव में एक साथ तीन जनाजे उठने से गाँव का हर एक ग्रामीण रोया, जिससे गांव का माहौल गमगीन हो गया, वहीं मृतकों के मौहल्ले में कई घरों में चूल्हे तक नहीं जले। देर शाम तीनों शवों को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। वहीं तीनों मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

> रामराज के ग्राम पुट्ठी इब्राहिमपुर में गमगीन माहौल में जनाजे में शामिल सैकड़ों ग्रामीण

## डाक कांवड़ियों की भागम भाग में व्यवस्था हुई धड़ाम

> ▸ भोले के भक्तों में बढ़ा शिव चौक की परिक्रमा का चलन
> ▸ महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक को लेकर दिखाई दी उत्सुकता
> ▸ व्यवस्था बनाने में पुलिस की फूली सांसें, चौराहों पर जाम







**मुजफ्फरनगर, 25 फरवरी (बु.)।** फाल्गुन माह में भगवान आशुतोष के जलाभिषेक के लिए मंगलवार को अपनी विदाई बेला की ओर बढ़ता नजर आया। इस बीच पैदल कांवड़ियों के साथ डीजे कांवड़ों के शोर और बम- बम भोले के जयघोष के बीच हाईवे से नगर की सड़कों पर हर ओर डाक कांवड़ियों की भागम भाग ने भक्ति व आस्था का बड़ा कौतूहल पैदा किए रखा। डाक कांवड़ों की तेज रफ्तार को थामने को शिव चौक से हाईवे तक पुलिसकर्मियों के पसीने छूटे रहे। वहीं डाक कांवड़ों की दौड़ शुरू होने के साथ नगर क्षेत्र में जिला अस्पताल, शिवचौक व हनुमान चौक पर कांवड़ मार्ग की तमाम व्यवस्थाएं बौनी साबित होती हुई दिखाई दी।

श्रावण माह की कांवड़ यात्रा की तरह इस बार फाल्गुन माह में हाईवे से नगर क्षेत्र में हर ओर बाबा के भक्तों का जलवा दिखाई देने लगा है। बुधवार को होने वाले महाशिवरात्रि पर्व के चलते गंतव्य की ओर बढ़ते शिवभक्तों की आस्था पूर्व वर्षो से कहीं अधिक देखने को मिल रही है। मंगलवार को कांवड़ यात्रा अपने शिखर पर पहुंचकर विदाई बेला की ओर बढ़ने लगी है। इस दौरान कांवड़ मार्ग पर नगरीय क्षेत्र की सड़कों से हाईवे तक कांवड़ियों की बाइकों के शोर और एक दूजे से भागम भाग ने इस यात्रा को नई पहचान दी है। कहना गलत न होगा जो लोग महाकुंभ में नहीं पहुंच पाए वे पुण्य पाने के लिए पैदल या डाक कांवड़ों का दौर यूं तो सोमवार रात से ही शुरू हो गया और मुजफ्फरनगर के सभी रास्ते पैदल कांवड़ियों के साथ डाक कांवड़ियों से भरे दिखाई दिए, वहीं कुछ वाहन तो देर सायं तक हरिद्वार की ओर दौड़ लगाते नजर आए। हरिद्वार की ओर जाने और हरिद्वार से गंगा जल लेकर शिवालयों की ओर दौड़ लगाने वाले कांवड़ियों की भीड़ भगवान शिव की भक्ति और आस्था की एक नई इबारत लिखने की ओर आगे बढ़ रही है। इस बीच कांवड़ियों ने पूर्ण आस्था के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक करने को हाथ में डाक कांवड़ लेकर उत्साह के साथ दौड़ लगाई। इस दौरान पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने मार्गो का निरीक्षण करते हुए व्यवस्था बनाने का काम किया। डाक कांवड़िए दिल्ली-देहरादून हाईवे, पानीपत-खटीमा हाईवे और मुजफ्फरनगर से बड़ौत जाने वाले मार्ग पर खूब दौड़ते दिखाई दिए। शिवभक्तों की भागमभाग से शहर में रुड़की रोड पर बुधवार देर रात तक डाक कांवड़ियों की इस दौड़ ने शिवचौक परिक्रमा लगाकर अपने क्षेत्र के शिवालयों की ओर से प्रस्थान किया। इस बीच नगर क्षेत्र में दुर्घटना बढ़ने का खतरा देखते हुए पुलिस को कई स्थानों पर बेरिकेडिंग करनी पड़ी, लेकिन डाक कांवड़ियों की भागमभाग व तेज रफ्तार में तमाम व्यवस्थाएं नाकाफी साबित हुई। हालांकि मंगलवार को साप्ताहिक बंदी के चलते शहर के बाजारों में अधिकांश दुकानें बंद रही, लेकिन इसके बावजूद अस्पताल तिराहा, शिवचौक एवं हनुमान चौक आदि क्षेत्र में जाम के बीच लोगों को परेशान होते देखा गया।

## नंगला बुजुर्ग के मजदूर की हादसे में मौत, परिवार में कोहराम मचा



**भोपा, 25 फरवरी (बु.)।** छत्तीसगढ़ राज्य में मजदूरी करने गये नंगला बुजुर्ग निवासी व्यक्ति की पेड़ काटते समय गिरकर मौत हो गई। मंगलवार को मृतक का शव गांव पहुंचा, जहां गमगीन माहौल में उसके शव को सुपुर्दे खाक किया गया। ग्राम प्रधान सहित ग्रामीणों ने मजदूर परिवार की आर्थिक सहायता की मांग प्रशासन से की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव नंगला बुजुर्ग निवासी 40 वर्षीय महबूब छत्तीसगढ़ राज्य के जिला सरगुजा के थाना उदयपुर क्षेत्र के गांव निमहा में अपने साथियों के साथ पेड़ काटने का कार्य कर रहा था। रविवार को महबूब पेड़ की कटाई कर रहा था, तभी अचानक पेड़ की एक टहनी उसके ऊपर आ गिरी, जिससे वह सड़क पर गिर गया तथा कटाई में उपयोग की जा रही मशीन के झटके से उसकी गर्दन पर भी चोट आई। सिर में गम्भीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे उदयपुर थाना प्रभारी राजेश चतुर्वेदी ने घटना की जानकारी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंगलवार को महबूब का शव गांव पहुंचा। मजदूर की मौत से परिवार में मातम छा गया। महबूब अपने पीछे मां फहमिदा, पत्नी शबनम, पुत्र आसिफ, अयान, सिफरान, पुत्री मुस्कान, गुलफिशां और खुशबू को रोता बिलखता छोड़ गया है। मृतक को गमगीन माहौल में गांव स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर दिया गया। ग्राम प्रधान अंजुम अली सहित ग्रामीणों ने प्रशासन से मजदूर परिवार की आर्थिक सहायता की मांग की है।

## पुलिस-किन्नरों के बीच झड़प, किन्नरों ने थाने में उतारे कपड़े

**मुंबई, 25 फरवरी (वार्ता)** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में एपीएमसी ट्रक टर्मिनल पर सोमवार देर रात पुलिस अधिकारियों के साथ झड़प के दौरान किन्नरों के एक समूह ने जमकर बवाल काटा और अपने कपड़े उतार कर फर्श पर लेट गये, जिससे अफरा-तफरी मच गयी।अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि पुलिस ने समूह के खिलाफ गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने, सार्वजनिक अभद्रता, सरकारी काम में बाधा डालने और सरकारी कर्मचारियों पर हमला करने का मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि ट्रक टर्मिनल के पास किन्नरों के अश्लील गतिविधियों में लिप्त होने के संबंध में शिकायतें बढ़ रही थीं। सहायक पुलिस निरीक्षक प्रभाकर शिउरकर और उनकी टीम सोमवार आधी रात को इलाके में गश्त कर रही थी, तभी उन्होंने कुछ किन्नरों को आंशिक रूप से नग्न अवस्था देखा, जो वाहनों को रोक रहे थे और अश्लील इशारे कर रहे थे। जब पुलिस ने उन्हें जाने के लिए कहा तो किन्नर कथित तौर पर आक्रामक हो गये, गाली-गलौज की और उन्हें धमकाया।

## तीन चचेरे भाइयों की हादसे में हुई मौत

**एटा, 25 फरवरी (एजेंसी)।** एटा के थाना नयागांव क्षेत्र के रजपुरा में सोमवार रात ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन भाइयों की मौत हो गई। इनमें से एक की शादी महज सात महीने पहले हुई थी। पूर्व ही हुई थी। गर्भवती पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव रजपुरा निवासी संजय ने बताया कि भतीजे गुलशन का विवाह 7 माह पूर्व ही हुआ था। वह अपने परिवार के ही तहेरे भाई आदेश उर्फ आशू व गीतम सिंह और पड़ोसी श्रीकृष्ण के साथ खेतों में मजदूरी करके पैदल घर लौट रहे थे। सभी लोग गांव के लगभग 500 मीटर दूर तमरौरा मोड़ के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर की चपेट में आकर घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग व परिजन मौके पर पहुंच गए। पुलिस को सूचना देते हुए चारों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां चिकित्सक ने आदेश, गुलशन और गीतम को मृत घोषित कर दिया। श्रीकृष्ण का एक निजी क्लीनिक में उपचार चल रहा है। घटना के बाद मृतकों के घर पर मातम पसर गया है। संजय ने बताया कि गुलशन पर खेती नहीं थी। मजदूरी करके अपना व परिवार का भरण पोषण करता था।

# कर्ज में डूबे किसान ने कर ली खुदकुशी

> ▸ थानाभवन शुगर मिल से नहीं हो पा रहा था गन्ना मूल्य का बकाया भुगतान ▸ बेटी की फीस रूकी, पत्नी को नहीं मिल रहा था इलाज

**शामली, 25 फरवरी (बु.)।** जनपद में शुगर मिल से गन्ना मूल्य का बकाया भुगतान नहीं मिलने के कारण कर्ज और खर्च से परेशान हुए एक किसान ने तनाव में आकर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। किसान का गोली लगा शव उसके खेत पर ही पड़ा मिला और उसके शव के पास से ही तमंचा भी बरामद किया गया है। किसान की मौत से परिवार में कोहराम है और गांव में भी शोक का माहौल बना हुआ है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ाााना थाना क्षेत्र के गांव पुरमाफी निवासी 52 वर्षीय किसान आजाद सिंह मगलवार की सुबह अपने दो मजदूरों के साथ घर से खेतों पर काम करने के लिए कहकर गए थे, वहां उनका गोली लगा शव बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार परिजनों ने बताया कि अलसुबह ही आजाद खेतों पर काम करने के लिए निकल गये थे। खेतों पर पहुंचने पर आजाद ने मजदूरों को काम पर लगा दिया और वो खुद काम करते हुए नलकूप से आगे की तरफ चले गये। थोड़ी ही देर में मजदूरों को गोली चलने की आवाज आई और वो उस दिशा में दौड़े तो उनको आजाद का खून से लथपथ शरीर जमीन पर पड़ा नजर आया। आजाद के सीने में गोली लगी थी। वो घबरा गये और तुरंत ही उसके परिजनों को फोन कर सूचना दी। इसकी जानकारी पर ग्रामीण और परिजन खेतों पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया गया, तब तक किसान की मौत हो चुकी थी। सूचना पर ााना पुलिस खेत पर पहुंची तो कुछ ही देर बाद सीओ कैराना श्याम सिंह भी फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर आ गये थे। पुलिस को शव के पास ही तमंचा पड़ा मिला। सीओ ने मीडिया को बताया कि मृतक किसान आजाद के परिजनों के अनुसार किसान पर बैंक और सहकारी समिति का काफी कर्ज था, कर्ज की वजह से वो अक्सर परेशान रहता था, जिस कारण वो शराब का सेवन भी करने लगा था। कर्ज के कारण तनावग्रस्त होकर ही उसने आज गोली मारकर आत्महत्या कर ली। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया। मृतक किसान के भाई धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि आजाद के पास 15 बीघा जमीन थी, जिसमें से कुछ भूमि उसने पिछले दिनों बेच दी थी। मृतक आजाद के एक 18 वर्षीय पुत्र सिद्धार्थ सिंह के अलावा एक पुत्री दीया है, जो कक्षा नौ में ाि-ााना के एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ती है। जबकि सिद्धार्थ ने अपनी शिक्षा छोड़ दी थी और वो पिता के साथ ही खेती के कार्य में लग गया। धर्मेन्द्र ने पुलिस को बताया कि आजाद काफी दिनों से कर्ज और घर परिवार के खर्च को लेकर परेशान था। उसका थानाभवन शुगर मिल पर गन्ना मूल्य के रूप में करीब दो लाख रुपये का भुगतान बकाया है, जो नहीं मिल पाने के कारण आर्थिक संकट गहरा रहे थे, जबकि उसने बैंक और सहकारी समिति से करीब पांच लाख रुपये का कर्ज ले रखा था। इसके साथ ही उसकी बेटी की फीस के रूप में भी स्कूल के 35 हजार रुपये से ज्यादा बकाया थे, जो वो चुका नहीं पा रहा था। बीमारी के कारण वो पत्नी का भी उपचार नहीं करा पा रहा था, इसी के चलते तनाव में रहता था। इसके कारण आज उसने आत्महत्या कर ली। किसान के परिवार में उसकी मौत के कारण कोहराम मचा है।



मृतक किसान का फाइल फोटो

## अज्ञात वाहन की टक्कर से 2 बाइक सवारों की मौत

**जानसठ, 25 फरवरी (बु.)।** पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवारों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों युवकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार की देर रात लगभग 11 बजे सिखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव नंगला मुबारिक निवासी 25 वर्षीय गौतम पुत्र नरेंद्र व 24 वर्षीय मोनू पुत्र लक्ष्मण अपनी बाइक द्वारा अपने गांव से जानसठ थानाक्षेत्र के गांव कवाल में किसी काम से आए थे। कवाल से वापस अपने गांव लौटते हुए रात को लगभग 11 बजे जब यह दोनों युवक पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव चितौड़ा के पास पहुंचे, तो पीछे की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने इनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी जानसठ पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने गौतम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने गौतम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चिकित्सकों ने मोनू की हालत गंभीर देखते हुए उसे मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया, जहां पर मंगलवार को उपचार के दौरान मोनू की भी मौत हो गई। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटना में दो युवकों की मौत होने से स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि दुर्घटना की अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

**सम्पादक-अंकुर दुआ**

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

